सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

ब्यूरो

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष शर्मा एमआरएफ सेन्टर एवं सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया । निरीक्षण के समय साक्षी सिरारी ने नगर आयुक्त को अवगत कराया कि प्रेशर मशीन अन्दर नही आ रही है। जिस पर नगर आयुक्त ने गेट के पश्चिमी की ओर कूड़ा हटवाकर प्रेशर मशीन शिफ्ट करने के निर्देश दिए । इसके साथ ही वह सुरिक्षत रहे उसके ऊपर टीन शेड डालने के सम्बन्धित को निर्देशित किया। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के समय रघुवश राय(सी0एन0डी0एस0) को नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि 10 दिन के अन्दर कार्य को पूर्ण कर लिया जाये। इसके साथ बाउन्ड्रीवाल का रंग बदल दिया जाये। नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त एस0के0सिंह,मुख्य अभियन्ता दिनेश चन्द्र सचान,ग्रीन फ्यूचर कलेक्टिव संस्था की साक्षी सिरारी, रधुवंश राय परियोजना निदेषक, अवर अभियन्ता विक्रम सिंह यादव आदि उपस्थित रहें।